# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 25 जुलाई 2025 । श्रावण अमावस्या, संवत 2082 । रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 108 । मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




## सरना और सनातन की आस्था का केंद्र है तपिंगसरा का सूमीदान सरना मठ

शुभम संदेश। खूंटी



कहा जाता है कि झारखंड के कंकड़-कंकड़ में भोलेनाथ का वास है. यही कारण है कि यहां पहाड़ों, कंदराओं, गुफाओं, खेतों, नदियों और पेड़ों पर भी बाबा भोलेनाथ के दर्शन हो जाते हैं. ऐसे ही लोगों की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिले की सीमा पर मुरहू प्रखंड के तपिंगसरा गांव के टेवांगड़ा में स्थित सूमीदान सरना मठ. सूमीदार ने सिर्फ सरना आदिवासी समुदाय की आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र हैं, बल्कि गैर आदिवासी भी यहां भारी संख्या में पूजा-अर्चना के लिए यहां पहुंचते है. हालांकि यहां का रास्ता कठिन और जोखिम भरा है. घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसे इस मठ में सदियों से स्वंयभू शिवलिंग की पूजा-अर्चना होती आ रही है. मान्यता है कि यहां शिव और पार्वती अर्धनारीश्वर के रूप में विराजमान हैं. मठ में पूजा-अर्चना के लिए दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं, विशेष रूप से मंगलवार और श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है. गांव के लोग बताते हैं कि वर्षों पहले अड़की के नरकागड़ा गांव के बुजुर्ग जन्मजात सुरदास चुरन नाग (अब दिवंगत), थे. उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं देता था. इसके बावजूद वे हर मंगलवार को अपने सपरिवार सदस्यों के साथ जंगलों और पहाड़ों को पार कर पैदल सूमीदान मठ पहुंचते थे और श्रद्धा के साथ पूजा करते थे. गांव के बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि यह तपिंगसरा गांव के पतरस नामक व्यक्ति को बाबा भोलनाथ ने स्वप्न में तीन बार दर्शन दिये और बताया कि वे तपिंगसरा गांव में हैं. यहा आकर खुदाई कराओ और पूजा-अर्चना करो. टेवागड़ा में खुदाई करो. दूसरे ही दिन पतरस ने गांव वालों के सहयोग से वहां खुदाई का काम शुरू किया. खुदाई के दौरान जब उनका सबल एक पत्थर में फंस गया. बाद में पतरस वहां वे पूजा सामग्री लेकर पुनः पहुंचे, तो उन्हें शिवलिंग के दर्शन हुए. यह घटना 1963-64 की बताई जाती है. इसके बाद वे उस स्थान पर लगातार पूजा-अर्चना करने लगे और धीरे-धीरे वह स्थान प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात हो गया. दिवंगत बिरसिंग मुंडरी भी वहां हर दिन पूजा-अर्चना करते थे. गांव के लोग बताते हैं कि जब भी वे बिरसिंग मुंडारी मठ के पास जाते, तो उन्हें नींद आ जाती थी. नींद में उन्हें भगवान शिव के दर्शन होते और वे निर्देश देते थे. इन दिव्य अनुभवों के बाद बिरसिंग ने पहले सात दिन, फिर 21 दिन का उपवास कर कठोर साधना की थी. तमाम बाधाओं के बावजूद साधना पूरी कर उन्होंने लगातार 108 दिनों तक शिवलिंग का जलाभिषेक किया था और वे आजीवन शिव-पार्वती की भक्ति में लीन रहे. देवागड़ा तपिंगसरा सहित आसपास के आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास का बहुत बड़ा केंद्र है. गांव वालों का विश्वास है कि महादेव की कृपा से उन्हें हर प्रकार की सुरक्षा मिलती है और उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. मठ न सिर्फ एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह क्षेत्रीय सांस्कृतिक चेतना और श्रद्धा का प्रतीक भी है.

### ब्रीफ न्यूज

#### फिर टला केंद्रीय गृह सचिव का झारखंड दौरा

**रांची।** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन का झारखंड दौरा एक बार फिर रद्द कर दिया गया है. वह 28 जुलाई को रांची आने वाले थे, लेकिन अब यह दौरा स्थगित कर दिया गया है. हालांकि, दौरा रद्द होने की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है. इस दौरे के दौरान केंद्रीय गृह सचिव को राज्य के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक करनी थी. इस बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, नक्सल उन्मूलन और कानून व्यवस्था से जुड़े 12 अहम मुद्दों पर चर्चा होनी थी. गौरतलब है कि गोविंद मोहन का यह दौरा दूसरी बार रद्द हुआ है. इससे पहले अप्रैल महीने में भी उनको आना तय था, लेकिन तब भी दौरा आखिरी वक्त में टाल दिया गया था.

#### गांजा के साथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** डिमना चौक के पास गांजा बेचने की कोशिश कर रहे एक युवक को उलीडीह थाना पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपित के पास से 230 ग्राम गांजा बरामद किया है. गिरफ्तार आरोपित की पहचान गोविंदा डे के रूप में हुई है, जो गोलमुरी आकाशदीप प्लाजा के पीछे का निवासी है.

#### 35 सौ रुपये घूस लेते पंचायत सचिव को एसीबी ने रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**रांची/बरहेट।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने साहिबगंज जिले में कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई बरहेट प्रखंड के बरमसिया पंचायत में हुई है. पंचायत सचिव संतोष कुमार को 3500 रुपये घूस लेते पकड़ा गया है. एसीबी दुमका की टीम पंचायत सचिव को गिरफ्तार कर साथ दुमका ले गयी है. एसीबी को लिखित शिकायत मिली थी कि पंचायत सचिव संतोष कुमार प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर 3,500 रुपये घूस की मांग कर रहा है. शिकायत की सत्यता की पुष्टि के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और गुरुवार को सचिव को घूस की रकम लेते ही रंगेहाथ पकड़ लिया. एसीबी टीम ने बरहेट पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया और आरोपी सचिव को पकड़कर प्रारंभिक पूछताछ के बाद अपने साथ दुमका ले गई.

## रांची सदर अस्पताल बना देशभर में नंबर-1

### आयुष्मान भारत योजना से लाखों मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची का सदर अस्पताल एक बार फिर चर्चा में है. आयुष्मान भारत – मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत देशभर में सबसे ज्यादा मरीजों को इलाज का लाभ पहुंचाने वाला अस्पताल बन गया है. इसके साथ ही अस्पताल को अच्छी कमाई भी हो रही है. अब तक 2,02,859 मरीजों ने रांची सदर अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराया है. इनका खर्च अस्पताल ने योजना के तहत कवर किया। अस्पताल ने 115 करोड़ रुपये का क्लेम सरकार के पास जमा किया है. इसका मतलब यह है कि मरीजों को अपनी जेब से यह पैसा खर्च नहीं करना पड़ा.

वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले 3 महीनों में ही सदर अस्पताल ने 12 करोड़ रुपए का क्लेम किया है. वहीं, 2023-24 में यह आंकड़ा 32 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था. इस दौरान करीब 51,968 मरीजों को योजना का लाभ मिला था. इस योजना से सिर्फ मरीजों को ही नहीं, बल्कि अस्पताल को भी फायदा हो रहा है. क्लेम के पैसों का इस्तेमाल अस्पताल में नई मशीनें खरीदने, सर्जरी की सुविधा बढ़ाने और अस्पताल को सुधारने में किया जा रहा है. सदर अस्पताल में आयुष्मान योजना से जुड़ी पूरी टीम को इंसेंटिव भी मिल रहा है. इसमें डॉक्टरों से लेकर सफाईकर्मी तक शामिल हैं. सभी की दिलचस्पी की वजह से ही सबसे ज्यादा केस और भुगतान रांची सदर अस्पताल में ही हो रहे हैं.

बता दें कि रांची सदर अस्पताल को 2019 में देश के मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में दूसरा स्थान भी मिला था. बता दें कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 23 सितंबर 2018 को रांची से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी. इस योजना से जुड़े फंड से अब अन्य छोटे अस्पतालों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है. अब वहां भी विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जरी की सुविधा, और अच्छी दवाएं उपलब्ध हो रही हैं. रांची सदर अस्पताल आयुष्मान योजना का एक आदर्श मॉडल बन चुका है, जिससे मरीजों, अस्पताल और स्टाफ – सभी को लाभ हो रहा है.




#### पूरी टीम को मिल रहा इंसेंटिव, बना है काम का मॉडल

यह मॉडल इस तरह तैयार किया गया है कि स्वीपर से लेकर डॉक्टर तक हर स्तर पर काम करने वाले को इंसेंटिव का लाभ मिल रहा है. इससे पूरी टीम की भागीदारी बनी रहती है और इसका सीधा असर यह पड़ा है कि देश में सबसे अधिक प्री-अथ क्लेम और भुगतान रांची सदर अस्पताल से ही हो रहे हैं.

#### क्लेम से हो रहा आधारभूत ढांचे का विकास

आयुष्मान योजना के तहत मिले क्लेम अमाउंट से केवल सदर अस्पताल ही नहीं, बल्कि निचले स्तर के अस्पतालों में भी बड़ा बदलाव आया है. इन पैसों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता, सर्जरी की सुविधा, उपकरण व दवाओं की खरीद की जा रही है. इससे पूरे हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिली है.

## राष्ट्रपति दौरे से पहले देवघर प्रशासन एक्शन में

### दीक्षांत समारोह की तैयारियों का लिया जा रहा जायजा

शुभम संदेश। रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई 2025 को देवघर के दौरे पर रहेंगी. उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और एम्स प्रबंधन युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुट गया है. इस समय देवघर में राजकीय श्रावणी मेला भी चल रहा है, जहां लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं. ऐसे में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मेले में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसे ध्यान में रखते हुए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है. राष्ट्रपति मुर्मू एम्स देवघर के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी. इस समारोह के आयोजन को लेकर गुरुवार को वरीय अधिकारियों की एक टीम ने कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था और लॉजिस्टिक तैयारियों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि कार्यक्रम प्रोटोकॉल के अनुरूप आयोजित हो और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे. निरीक्षण करने वाली टीम में कई उच्च पदाधिकारी शामिल थे. इनमें वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, आईजी अखिलेश कुमार झा, संताल परगना आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डीआईजी अंबर लकड़ा, देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, और एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग प्रमुख रूप से उपस्थित थे.



**एम्स परिसर और दीक्षांत स्थल का निरीक्षण :** अधिकारियों ने एम्स परिसर, दीक्षांत समारोह स्थल और रूट लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया. उन्होंने सीटिंग अरेंजमेंट, पार्किंग, जन प्रवेश, आपातकालीन सेवाओं, बिजली आपूर्ति, और स्टेज मैनेजमेंट की तैयारियों का भी मूल्यांकन किया. हर विभाग को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया.

**श्रावणी मेला में न हो कोई व्यवधान :** चूंकि राष्ट्रपति का दौरा श्रावणी मेले के दौरान हो रहा है, इसलिए प्रशासन का फोकस इस बात पर है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में कोई बाधा न आए. ट्रैफिक को नियंत्रित करते हुए भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को भी सक्रिय रखने की रणनीति बनाई गई है.

#### सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन प्राथमिकता में

राष्ट्रपति के कारकेड रूट – देवघर एयरपोर्ट से लेकर एम्स तक – का विशेष निरीक्षण किया गया. अधिकारियों ने पूरे रूट पर बैरिकेडिंग, सुरक्षा बलों की तैनाती, और ट्रैफिक डायवर्जन की तैयारियों को देखा. साथ ही, सड़क से अतिक्रमण हटाने और रूट क्लियरेंस को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए.

#### ड्यूटी के दौरान ट्रेन मैनेजर तरुण केरकेट्टा की मौत, विभागीय कर्मियों में नाराजगी

**चाईबासा।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में गुरुवार को ट्रेन मैनेजर तरुण केरकेट्टा की ड्यूटी के दौरान मौत का मामला प्रकाश में आया है. बताया जाता है कि वे चक्रधरपुर से बंडामुंडा जा रही एक मालगाड़ी में तैनात थे. जैसे ही ट्रेन बुधवार शाम को भीषण उमस भरी गर्मी के कारण तरुण केरकेट्टा गार्ड बोगी में बेहोश होकर गिर पड़े.घटना के तुरंत बाद स्टेशन मास्टर और अन्य रेल कर्मियों ने उन्हें गार्ड बोगी से उतारकर निजी वाहन से इलाज के लिए बंडामुंडा भेजा. वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए राउरकेला रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. तरुण लंबे समय से गार्ड बोगी की बदहाल स्थिति को लेकर आवाज उठाते रहे थे. गार्ड बोगी में गर्मी और धूप से बचने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है, जो लगातार जानलेवा साबित हो रही है. लेकिन चक्रधरपुर रेल मंडल में गार्ड बोगियों की स्थिति सुधारने की रफ्तार बेहद धीमी है. इसी कारण ट्रेन मैनेजरों में नाराजगी व्याप्त है.

## देवघर में ऑनलाइन कुत्ता खरीदना महिला को पड़ा महंगा

### साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 40 हजार रुपए

शुभम संदेश। देवघर

जिले के कुंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली मंजू देवी को ऑनलाइन कुत्ता खरीदना भारी पड़ गया. डिलीवरी के नाम पर साइबर ठगों ने उनसे 40 हजार रुपये ठग लिए. महिला ने इस घटना की शिकायत साइबर थाना में दर्ज कराई है. मंजू देवी ने बताया कि उन्होंने अपने परिवार के कहने पर एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए एक पालतू कुत्ते की बुकिंग की थी. उन्हें 23 जुलाई को डिलीवरी मिलनी थी. उसी दिन एक अनजान शख्स ने उन्हें फोन किया और खुद को डिलीवरी एजेंट बताया. उसने कहा कि कुत्ते की डिलीवरी से पहने कुछ चार्ज और सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी. साथ ही यह भी कहा कि अगर तुरंत भुगतान किया जाए, तो स्पेशल ऑफर भी मिलेगा. महिला ने ठग की बातों में आकर उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर 4 बार कुल 40 हजार रुपये भेज दिए. लेकिन शाम तक जब कोई डिलीवरी नहीं हुई और कॉल करने वाले ने फिर से पैसे की मांग की, तब उन्हें शक हुआ कि उनके साथ ठगी हो गयी है. इसके बाद मंजू देवी अपने पति के साथ देवघर साइबर थाना पहुंचीं और पूरे मामले की लिखित शिकायत दी.

## मंईयां सम्मान योजना की राशि बंद होने पर महिलाओं का गुस्सा फूटा

शुभम संदेश। जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम जिले में मंईयां सम्मान योजना की राशि बंद होने से नाराज महिलाओं का गुस्सा गुरुवार को जिला मुख्यालय पर फूट पड़ा. महिलाओं ने धरना-प्रदर्शन कर योजना की राशि जारी करने की मांग की और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया. जिले की बड़ी संख्या में महिलाएं मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने से परेशान हैं. गुरुवार को ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से आई महिलाओं ने जिला मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि योजना के तहत पहले उनके खातों में नियमित राशि आती थी, जिससे वे अपने बच्चों की स्कूल फीस भरती थीं और घर का खर्च चलाती थीं. लेकिन अचानक कुछ महीनों से पैसा आना बंद हो गया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. रेशमा खातून, सबीता मूर्मू, संगीत देवी और अन्य महिलाओं ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन किया जा रहा था. वे लगातार चार दिनों से जिला मुख्यालय का चक्कर लगा रही थीं, लेकिन गुरुवार को अचानक वेरिफिकेशन बंद कर दिया गया. इससे उनकी उम्मीद पूरी तरह टूट गई. महिलाओं ने सवाल उठाया कि अगर सरकार को योजना की राशि नहीं देनी थी तो पहले दो महीने तक उनके खातों में पैसा क्यों भेजा गया. उन्होंने कहा, सरकार ने योजना की घोषणा कर उनके साथ धोखा किया है. मांग की कि उन्हें फिर से लाभ दिया जाए ताकि उनके बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च निर्बाध रूप से चलता रहे.



## झारखंड में 94 लाख श्रमिकों की मजदूरी में 52 रुपये तक की बढ़ोतरी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार ने असंगठित क्षेत्र के करीब 94 लाख श्रमिकों के लिए अच्छी खबर दी है. राज्य सरकार ने उनकी न्यूनतम मजदूरी दरों में लगभग 7% तक की बढ़ोतरी की है. अब ये नई मजदूरी दरें पूरे राज्य में एक अप्रैल 2025 से लागू हो गयी हैं. न्यूनतम मजदूरी में यह बढ़ोतरी अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और अतिकुशल श्रमिकों के लिए अलग-अलग की गयी है. अतिकुशल श्रमिकों की मजदूरी में सबसे ज्यादा 52 रुपये की बढ़ोतरी हुई है.

यह बदलाव परिवर्तनीय महंगाई भत्ते के आधार पर किया गया है, जो कि जुलाई से दिसंबर 2024 तक के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के औसत पर आधारित है. राज्य सरकार ने 90 नियोजित इकाइयों को 2 प्रमुख श्रेणियों में बांटा है. श्रेणी ए में रांची, चास, धनबाद, देवघर, हजारीबाग, मानगो, आदित्यापुर, जमशेदपुर जैसे नगर निगम क्षेत्र शामिल हैं. इन क्षेत्रों में जिन जगहों पर मजदूरों को फायदा मिलेगा उनमें पकाई हुई चीजें बेचने वाली दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट और भोजनालय, पेट्रोल पंप, प्राइवेट अस्पताल, क्लिनिक, नर्सिंग होग, प्राइवेट स्कूल, कोचिंग, कंप्यूटर सेंटर, चावल, दाल, तेल मिल, सड़कों, बांधों और सिंचाई के काम में लगे मजदूर, सिक्योरिटी एजेंसी, मोबाइल टावर, केबल-लाइन बिछाने वाले मजदूर, टेक्निकल ऑफिस जैसे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स कंसल्टेंट्स, ऑडिटर आदि शामिल हैं.

### सावन के त्यौहार: नाग पंचमी पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा

## इस बार बन रहा शुभ और दुर्लभ संयोग

शुभम संदेश। रांची

श्रावण मास में नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है. श्रावण मास की शिवरात्रि के बाद आने वाली पंचमी तिथि को नाग पंचमी मनायी जाती है. यूं तो पूरे श्रावण मास भगवान शिव की पूजा की जाती है, किन्तु इसी माह भगवान शिव का श्रृंगार कहे जाने वाले नागों को भी पूजा जाता है. इस वर्ष नाग पंचमी का पर्व 29 जुलाई मंगलवार को मनाया जाएगा. पंचमी तिथि 28 जुलाई की रात 11. 28 बजे शुरू होगी और 29 जुलाई की रात 12. 23 बजे समाप्त होगी. उदया तिथि के अनुसार नाग पंचमी 29 जुलाई को मनाई जाएगी. इस दिन शिव योग, सिद्ध योग, और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जो इसे और अधिक शुभ बनाता है.



पंडित अजय कुमार मिश्रा के मुताबिक नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने का विशेष महत्व है. पुराणों में नागों को भगवान शिव का अंश माना गया है. मान्यता है कि इस दिन नागों की पूजा करने से कालसर्प दोष, राहु-केतु के प्रभाव और जीवन में आने वाले संकटों से मुक्ति मिलती है. इसके अलावा, यह पर्व दुर्भावनाओं और विषैले विचारों से भी छुटकारा दिलाने वाला माना जाता है. नाग पंचमी के दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त सुबह 4.32 बजे से लेकर दोपहर 1.25 बजे तक रहेगा. श्रद्धालु इस दिन शिव मंदिर या नाग देवता के मंदिर जाकर षोडशोपचार विधि से पूजा की जाती है. अगर पास में नाग मंदिर नहीं हो, तो शिवलिंग पर दूध, पुष्प और चावल अर्पित करके नाग पूजा की जा सकती है.

पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक, इस बार नाग पंचमी विशेष संयोगों के कारण अधिक फलदायक रहेगी. यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में कालसर्प योग, राहु-केतु दोष या अन्य ग्रह बाधा हो, तो इस दिन पूजा-अर्चना विशेष रूप से करनी चाहिए. सावन का माह में पंचमी का दिन शिव और नाग देवता दोनों की कृपा पाने के लिए सर्वोत्तम माना गया है.

#### हिमाचल में मजदूरी के लिए गया युवक लापता

**गुमला।** जिले के सिसई प्रखंड क्षेत्र के जलका गांव के बंधना उरांव नामक युवक पिछले दिनों रोजगार की तलाश में हिमाचल प्रदेश के नैना गया था. वहां पहुंचने के बाद अचानक वह लापता हो गया और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया. युवक के परिजनों ने इसकी सूचना दी, जिसके बाद उनका रो-रो कर बुरा हाल है. जलका मथनी गांव के ग्रामीण भी इस घटना से काफी दुखी हैं. उन्होंने युवक की पत्नी और दो बच्चों की हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की इतनी दूर होने के कारण वे उसे ढूंढने के लिए वहां नहीं जा सकते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार के अभाव में उन्हें दूसरे क्षेत्रों में पलायन करना पड़ता है, ऐसे में उनकी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी. इस बारे में श्रम अधीक्षक गुमला, पुनीत मिंज से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि स्थानीय थाने में सन्हा दर्ज कर लिया गया है और इसके बाद स्टेट माइग्रेशन टीम को युवक को ढूंढने के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

## झारखंड में आज से तीन दिनों तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के विभिन्न जिलों में शुक्रवार से तीन दिन भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की गई है. इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. विभाग की ओर से शुक्रवार को जिन इलाकों में बहुत भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की गई है उनमें राज्य के दक्षिण-पूर्वी जिले शामिल हैं. इसके अलावा उत्तर पश्चिम जिलों के कुछ हिस्सों को छोड़ कर शेष इलाकों में भारी बारिश होने की आशंका है. साथ ही कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने एवं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है.

शनिवार को दक्षिण और मध्यवर्ती जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका है. साथ ही उत्तर पश्चिम क्षेत्र के कुछ भागों में भी भारी बारिश होने की आशंका है. इसके अलावा 30 से 40 किलोमीटर गति से तेज हवा चलने की भी आशंका है. 27 जुलाई को राज्य के दक्षिणी पश्चिमी जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका है. साथ ही पश्चिमी और इसके निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं कहीं भारी बारिश हो सकती है. इन इलाकों में कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की भी आशंका मौसम विभाग ने व्यक्त की है.

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश हजारीबाग जिले के इचाक में 44 मिली मीटर रिकॉर्ड की गई. इस दौरान रांची के कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई. इधर, गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे. हल्की बारिश भी हुई. गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री, जमशेदपुर में 35.6 डिग्री, डालटेनगंज में 34.6 डिग्री, बोकारो में 31.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

#### इन जिलों में है अलर्ट

रांची, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में 26 जुलाई को अत्यधिक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

# रांची में बारिश से डूबी सड़कें, नालियों का पानी घरों में घुसा, लोग बेहाल

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में गुरुवार शाम हुई तेज बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी. शहर की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गईं और नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा. स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि नाली और सड़क के बीच का फर्क करना मुश्किल हो गया. राहगीरों को चलने में भारी परेशानी हुई. नगर निगम के अधीन आने वाले सेवा सदन रोड, करमटोली रोड, मोरहाबादी रोड, कर्बला चौक, मेन रोड, करमटोली चौक, पंचशील नगर सहित कई इलाकों में पानी भर गया. कुछ स्थानों पर घरों में भी पानी घुस गया. स्थानीय लोग बाल्टी और मग से घरों से पानी निकालते देखे गए. जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी.



**कहीं घुटनों तक, तो कहीं कमर तक पानी :** सेवा सदन रोड पर पानी कमर तक भर गया, जिससे वहां चलना मुश्किल हो गया. सड़क के एक ओर तालाब है और दूसरी ओर नाली बनी हुई है. बावजूद इसके पानी का बहाव इतना ज्यादा था कि सड़क और नाली की पहचान करना मुश्किल हो गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम का काम सिर्फ वीआईपी इलाकों तक ही सीमित है. मधुकम, हिंदपीढ़ी, कर्बला चौक और मेन रोड जैसे क्षेत्रों में नालियों की सफाई सिर्फ नाम मात्र की जाती है. अधिकारियों द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है.



**डर के साए में जीते हैं परिवार**

पंचशील नगर के निवासियों का कहना है कि वे हर बारिश के साथ डर के साए में जीते हैं. उनके घरों में घुटनों तक पानी भर जाता है, जिससे निकलना मुश्किल हो जाता है. छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है. तेज बारिश के कारण सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीव भी घरों में घुस जाते हैं, जिससे परिवार के सदस्य पूरी रात बेचैनी में गुजारते हैं.

## रांची पुलिस ने अवैध हथियार के साथ चार अपराधियों को किया गिरफ्तार




शुभम संदेश। रांची

राची पुलिस ने अवैध हथियार के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गुरुवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को सूचना मिली थी कि चार- पांच अपराधी छोटा तालाब, चिन्मया आश्रम के बगल वाली गली में अवैध हथियारों के साथ किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं. पुलिस टीम तत्काल छोटा तालाब पहुंची तो देखा कि चिन्मया आश्रम के बगल वाली गली में पांच लोग आपस में बातचीत कर रहे थे.पुलिस को अपनी ओर आता देख वे सभी भागने लगे. जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों को पकड़ लिया गया, जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा. पकड़े गये लोगों में मो इरफान उर्फ गोलू, फैजान आलम उर्फ फैजु, मो मेराज उर्फ बन्दर गेराज और मो अयान शामिल है. पकड़े गए चारों की अलग-अलग तलाशी ली गयी. तलाशी के दौरान उनके पास से एक छह-चक्रीय देशी रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू, एक काले रंग का सैमसंग कंपनी का मोबाइल और एक पीले रंग का रेडमी मोबाइल बरामद हुआ.

## झारखंड सरकार के विकास कार्य भाजपा को हतोत्साहित कर रहे हैं : सोनाल शांति

शुभम संदेश। रांची



झारखंड कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि महागठबंधन सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा के नाम पर करना स्वास्थ्य क्षेत्र के योद्धाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है. उन्होंने भाजपा की उस मानसिकता को तुच्छ और विकृत करार दिया, जो स्वयं भाजपा के नेताओं को भी शर्मसार कर रही है. सोनाल ने बताया कि पिछले दशक में भाजपा शासित राज्यों में कई शहरों, संस्थाओं और रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने के फैसले हुए हैं, जिन्हें झारखंड भाजपा ने उचित बताया है. नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा ने स्वास्थ्य सेवा में अपार योगदान दिया, लेकिन भाजपा इसे विवादित बना रही है. उन्होंने झारखंड के अलग राज्य आंदोलन में भाजपा के भागीदारी की कमी को भी उजागर किया और कहा कि भाजपा झारखंड नाम से ही चिढ़ती है. सोनाल ने गुजरात में सरदार पटेल स्टेडियम का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम करने को भी गलत बताया.

# रिम्स में सेंट्रल लैब की सुविधा अब सातों दिन मिलेगी : निदेशक

शुभम संदेश। रांची



रिम्स के सेंट्रल लैब की सुविधा अब मरीज़ों के लिए सातों दिन चौबीस घंटे उपलब्ध है. रिम्स में चार ब्लड कलेक्शन काउंटर कार्यशील हैं. इससे काउंटर पर भीड़ में काफी कमी आई है. साथ ही भीड़भाड़ के समय में चार अतिरिक्त काउंटर शुरू करने की योजना है. यह जानकारी रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार ने गुरुवार को रिम्स सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने बताया कि मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में रिम्स निरंतर कार्यरत है. उन्होंने कहा कि जांच की रिपोर्ट देने के लिए दो काउंटर शुरू किया गया गया है. साथ ही अधिकांश टेस्ट की रिपोर्ट उसी दिन उपलब्ध कराई जा रही है. प्रतिदिन लगभग 560-580 सैंपल लिए जा रहे हैं और करीब 4000 जांचें की जा रही है.

**एलआईएस एकीकरण की शुरुआत** : निदेशक ने बताया कि अगले 10 दिनों में लैब इंफॉर्मेशन सिस्टम (एलआईएस) शुरू हो जाएगा. इसके लिए एनआईसी और एलआईएमएस की टीमें मिलकर कार्य कर रही हैं. उन्होंने बताया कि एक बार एलआईएस लागू होने पर भर्ती मरीजों के सैंपल का संग्रहण भी शुरू हो जाएगा. इसके माध्यम से सभी रिपोर्ट एक ही स्थान पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों और डॉक्टरों को बड़ी सुविधा होगी.

लगाए जाएंगे अत्याधुनिक उपकरण

उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में रिम्स भविष्य में हाई थ्रोपुट इंस्ट्रूमेंट लगाए जाने की योजना है. इसके बाद ब्लड कलेक्शन के चार घंटे के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सकेगी.

**डेंटल इंस्टिच्यूट में ओटी और आईपीडी सेवा शुरू :** उन्होंने कहा कि डेंटल इंस्टिट्यूट में ऑपरेशन थियेटर और इनडोर सेवाएं शुरू हो चुकी हैं. इसमें पुरुषों के लिए 12, महिलाओं के लिए 11 और तीन रिकवरी आईसीयू बेड की व्यवस्था है. अब तक 12 मरीज भर्ती हुए हैं, जिनमें से कुछ को छुट्टी दी जा चुकी है. वहीं अब तक पांच मामले लोकल एनेस्थेसिया के अंतर्गत ऑपरेट हो चुके हैं और जनरल एनेस्थेसिया का पहला केस शनिवार को किया जाएगा. निदेशक ने बताया कि मैनपावर टेंडर अंतिम चरण में है, कुछ न्यायिक आपत्तियों पर कार्यवाही के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा. इसके अलावा किचन के टेंडर की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है. उन्होंने कहा कि अब तक इस वित्तीय वर्ष में 55 करोड़ रुपये की खरीदारी की जा चुकी है और 70-80 करोड़ रुपये की खरीद प्रक्रियाधीन है.

उन्होंने कहा कि सीनियर रेजिडेंट की नियुक्तियां की जा रही हैं. अस्पताल में आपातकालीन क्षेत्र में भीड़ को कम करने के लिए ऑन्कोलॉजी ब्लॉक में 94 अतिरिक्त बेड्स की व्यवस्था की जा रही है. पीडब्ल्यूडी विभाग जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करेगा.

निर्माणाधीन क्षेत्रीय नेत्र संस्थान (आरओआई) भवन का हस्तांतरण अगस्त में होने की संभावना है. इसके बाद इसका उद्घाटन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि 140 नर्सों की भर्ती में कुछ आपत्तियों के साथ फाइल रिम्स को वापस प्राप्त हुई है. इसका जल्द समाधान कर पुनः प्रस्तुत किया जाएगा.

**एमआरआई टेस्ट शुरू होने में लगेगा समय :** डॉ राजकुमार ने बताया कि एमआरआई की सुविधा शुरू होने अभी कुछ और महीने लग सकते हैं. इस बीच, हम 1.5 से 2 किमी की परिधि में स्थित उन एमआरआई सुविधाओं के लिए ईओई (एक्सपेंशन ऑफ इंटरेस्ट) निकालेंगे, जो हमारे नियम और शर्तों को स्वीकार करते हैं ताकि हम उनके माध्यम से यह सेवा मरीजों को उपलब्ध करा पाएं. मौके पर रिम्स के उपाधीक्षक-एक डॉ अजय कुमार, सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन, जीन एवं जीनोमिक्स विभागाध्यक्ष डॉ अनूपा प्रसाद, प्रशासनिक पदाधिकारी अनूप श्रीवास्तव उपस्थित थे.

बरियातू के डेंसिटी हेयर ट्रीटमेंट सेंटर में पार्टी से जुड़े चिकित्सकों की बैठक

## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर राज्य सरकार तनिक भी गंभीर नहीं : सुदेश महतो



शुभम संदेश। रांची

आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सक समुदाय को आगे आना होगा. झारखंड को एक स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने में चिकित्सकों को अहम भूमिका निभानी होगी. महतो बरियातू स्थित डेंसिटी हेयर ट्रीटमेंट सेंटर में पार्टी से जुड़े चिकित्सकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्य के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता काफी कम है. बैठक को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, मुख्य प्रशिक्षक संजय बसु मल्लिक एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी संबोधित किया. बैठक में स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया गया. साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया.

पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर नहीं है. राज्य में खाट पर मरीजों को ढोया जा रहा है. नीति आयोग द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचकांकों में झारखंड का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में पीछे है. उन्होंने आगे कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की कमी आज भी एक गंभीर चुनौती है. ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों की कमी, चिकित्सकों की अनुपस्थिति और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव जनता को बेबस कर देता है.

अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने पर भाजपा बिफरी, किया जोरदार विरोध

## जनकल्याणकारी योजनाओं को राजनीतिक लाभ के लिए विकृत कर रही सरकार : साह

शुभम संदेश। रांची

भारतीय जनता पार्टी ने अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर "मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक" रखने के झारखंड सरकार के निर्णय का जोरदार विरोध किया है. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस फैसले को 'तुच्छ मानसिकता और विकृत राजनीतिक सोच' का परिचायक बताया. साह ने कहा कि आयुष्मान भारत और अटल मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजनाएं भाजपा की दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं, जिन्होंने गरीबों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मजबूत किया है. उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार इन जनकल्याणकारी योजनाओं को राजनीतिक लाभ के लिए विकृत कर रही है.

साह ने विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री और भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि वे झारखंड राज्य के निर्माता रहे हैं और राज्य की जनता की स्मृतियों में रचे-बसे हैं. उनका नाम हटाकर राजनीतिक उद्देश्य साधना न सिर्फ अटल जी का अपमान है, बल्कि झारखंड की आत्मा पर चोट है.उन्होंने सरकार को सलाह दी कि यदि नई स्वास्थ्य योजना शुरू करनी हो, तो उसका स्वतंत्र नामकरण करें, लेकिन पहले से स्थापित और लोकप्रिय योजनाओं का नाम बदलना दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक प्रवृत्ति है. भाजपा प्रवक्ता ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब हेमंत सरकार ने राष्ट्रनायकों का अपमान किया हो. साह ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए रोज़ नए विवाद खड़े कर रही है. उन्होंने इसे भ्रष्टाचार से घिरी सरकार की सोची-समझी रणनीति बताया.

कांग्रेस का पलटवार : पूरी तरह मुद्दाविहीन, सस्ती व ओछी राजनीति कर रही

## नारी सम्मान की बात करने वाले मदर टेरेसा के नाम पर बौखला क्यों गए : आलोक दुबे

शुभम संदेश। रांची

भाजपा द्वारा 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नाम बदलने पर जताई गई आपत्ति को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह मुद्दाविहीन हो चुकी है और सस्ती राजनीति कर रही है. दूबे ने आरोप लगाया कि झारखंड के गठन का पूरा श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी को देना ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ है. उन्होंने याद दिलाया कि 19 दिसंबर 2000 को राज्यसभा में लालकृष्ण आडवाणी ने स्वयं माना था कि झारखंड राज्य कांग्रेस के सहयोग के बिना संभव नहीं था. उन्होंने कहा कि झारखंड का निर्माण कांग्रेस और यूपीए की दूरदर्शिता, समन्वय और संघर्ष का परिणाम है, जबकि भाजपा केवल श्रेय लेने में लगी रही. भाजपा पर हमला करते हुए दूबे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर भाजपा झारखंड की राजनीति को बंधक बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस ने राज्य के लिए सत्ता का भी त्याग कर दिया था. मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक को लेकर भाजपा की आपत्ति पर उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा सेवा, त्याग और करुणा की प्रतीक हैं और उनके नाम पर स्वास्थ्य योजना चलाना गर्व की बात है. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा को अब गरीबों के मुफ्त इलाज से भी समस्या है?

दूबे ने कहा कि हेमंत सरकार आम लोगों के दरवाजे तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रही है और यही बात भाजपा को हजम नहीं हो रही. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अब सिर्फ ध्यान भटकाने और झूठ फैलाने की राजनीति कर रही है, लेकिन जनता सच जान चुकी है.

**रेलवे** सियालदह मंडल ने की 15 यात्री संघों के साथ बैठक, सुविधाओं, नई ट्रेनों और ठहराव की मांगों पर हुई चर्चा

# मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना ने कहा- यात्री कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है

शुभम संदेश। रांची/कोलकाता

पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा गुरुवार को विभिन्न यात्री संघों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. इसमें यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और नई मांगों पर चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राजीव सक्सेना ने की, जिसमें मंडल के सभी 15 यात्री संघों के प्रतिनिधियों ने पूर्ण रूप से भाग लिया. बैठक के दौरान, यात्री संघों ने यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई नए सुझाव प्रस्तुत किए. इनमें नई ट्रेनों के संचालन और विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव की मांगें शामिल थीं. यात्री सुविधाओं में मौजूदा कमियों की पहचान और उन्हें दूर करने का मुद्दा भी प्रमुख रूप से उठाया गया.



जवाब में सियालदह मंडल के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मंडल के सभी स्टेशनों पर आवश्यक यात्री सुविधाएं पहले से ही उपलब्ध हैं और यात्रियों की सुविधाओं में और सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना ने बताया कि यात्रियों द्वारा उठाई गई मांगों की व्यावहारिकता की जांच की जाएगी और उपयुक्त कदम शीघ्र ही उठाए जाएंगे.सक्सेना ने यह भी बताया कि यात्री कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. वर्ष 2023-24 में सियालदह मंडल के लिए यात्री सुविधाओं हेतु 75.75 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी, जबकि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 82.11 करोड़ की बढ़ी हुई राशि स्वीकृत की जा चुकी है. यह महत्वपूर्ण वित्तीय वृद्धि यात्रियों को हर संभव सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है. यह सहयोगात्मक बैठक सियालदह मंडल की यात्रियों की भागीदारी के साथ मिलकर सेवाओं और सुविधाओं को निरंतर उन्नत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

## हावड़ा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान, 2.65 लाख रुपये का जुर्माना वसूला



शुभम संदेश। रांची/कोलकाता

पूर्व रेलवे के हावड़ा रेल मंडल ने गुरुवार को हावड़ा स्टेशन पर एक विशेष मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया. अभियान बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने और यात्रियों को वैध टिकट के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया. अभियान का नेतृत्व रेलवे मजिस्ट्रेट और सहायक वाणिज्य प्रबंधक (हावड़ा कोचिंग) ने किया. इस सघन जांच के लिए 20 ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई), 22 टिकट एग्जामिनर (टीई), 5 चीफ टिकट इंस्पेक्टर (सीटीआई), 10 रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के जवान और एक गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) स्टाफ को तैनात किया गया था.

जांच के दौरान विभिन्न प्लेटफॉर्म और प्रमुख यात्री क्षेत्रों में कुल 718 मामलों का पता चला, जिनमें से 559 मामले बिना टिकट यात्रा के थे. कुल 2,65,860 का जुर्माना वसूला गया. हावड़ा रेल मंडल ऐसे नियमित अभियानों के जरिए यात्रियों में अनुशासन, पारदर्शिता और ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी टिकटधारी यात्रियों को निष्पक्ष और सुरक्षित यात्रा का माहौल मिल सके.

## एक नजर

### एचईसी में बुजुर्ग माताओं के सम्मान में सावन मिलन समारोह का आयोजन





**रांची।** एचईसी सेक्टर-2, धुर्वा में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री सह ₹लक्ष्य विकास हमारा प्रयास₹ एनजीओ की सचिव नीलम चौधरी द्वारा बुजुर्ग माताओं के सम्मान में गाला बैंक्विट हॉल में भावनात्मक और प्रेरणादायक ₹सावन मिलन समारोह₹ का आयोजन किया गया. इस अवसर पर 75 से 80 वर्ष की बुजुर्ग माताओं को क्राउन पहनाकर और बुके भेंटकर सम्मानित किया गया. सम्मानित बुजुर्ग माताओं ने समारोह के दौरान अत्यंत हर्ष और भावुकता व्यक्त करते हुए कहा कि नीलम चौधरी वर्षों से सेवा कार्यों में समर्पित हैं और हम जैसे बुजुर्गों का सम्मान कर समाज को एक नई दिशा दे रही हैं. उन्होंने कहा कि इस उम्र में मिला यह आदरभाव हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है. नीलम चौधरी द्वारा वार्ड 41 में सैकड़ों महिलाओं को निःशुल्क योग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे महिलाएं स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रही हैं. साथ ही, वे पारस हॉस्पिटल के सहयोग से हर सप्ताह दो दिन निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप भी लगवा रही हैं, जिसकी प्रशंसा उपस्थित महिलाओं और बुजुर्ग माताओं ने खुले दिल से की. समारोह में प्रमुख रूप से कॉर्डिनेटरः कुमारी अनुपमा, डॉ आशा गुप्ता, उज्ज्वला मित्रा, सीमा रानी, पम्मी, जया, रीता, रूबी, मिताली, पुष्पा, सुशीला, पिंकी, संगीता, सुनीता, आराधना, ज्योत्सना, अनिता कृष्णन, रूपम, अनामिका, कंचन, बबली, बबीता, रूपा, नम्रता, ममता, रेनू, गीता, लक्ष्मी, रश्मि, माधुरी, नम्रता (दोहरे नाम) सहित 200 से अधिक महिलाएं, हरे परिधान में पारंपरिक अंदाज़ में सज-धज कर उपस्थित रहीं. कार्यक्रम न केवल एक मिलन समारोह था, बल्कि बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान, सेवा और समर्पण की एक मिसाल भी बना.

### देश में नंबर-1 बना रांची सदर अस्पताल, झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं ने रचा इतिहास : आलोक दुबे



**रांची।** आयुष्मान भारत – मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में रांची सदर अस्पताल ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर झारखंड का गौरव बढ़ाया है. इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने राज्य सरकार, स्वास्थ्य विभाग व अस्पताल प्रशासन को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि यह सफलता सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली में बदलाव और जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अस्पताल में अब तक 2,02,859 मरीजों का मुफ्त इलाज हुआ है और 115 करोड़ की राशि का क्लेम प्री-ऑथराइज हुआ है. दूबे ने इसे हजारों गरीब परिवारों के जीवन में बदलाव की मिसाल बताया. उन्होंने रांची सदर अस्पताल को ₹मॉडल हेल्थ सेंटर₹ बनाने और राज्यभर में इसकी तरह की व्यवस्था लागू करने की मांग की, ताकि झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके.

### विजय सिंह बने उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक, समाज सेवा को बताया सच्चा धर्म

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन ने विजय सिंह को अपना संस्थापक संरक्षक मनोनीत किया है. संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव और सचिव निरंजन भारती द्वारा उनके नाम की घोषणा की गई. सचिव निरंजन भारती ने बताया कि संस्था बीते पांच वर्षों से खेल, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और समाज के वंचित वर्गों के हित में कार्य कर रही है. विजय सिंह की नियुक्ति से संस्था को नया मार्गदर्शन, ऊर्जा और सामाजिक विश्वास प्राप्त होगा. इस अवसर पर सिंह ने संस्था के प्रति आभार जताया और कहा कि "समाज की सेवा ही सच्चा धर्म है और इस भावना के साथ मैं वर्षों से कार्य कर रहा हूं. संस्था ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करूंगा.कार्यक्रम में संस्था के अन्य पदाधिकारी मुन्ना टोप्पो, प्रतीक, रितेश उरांव, राजेश टोप्पो, निरंजन भारती और अनिरुद्ध पांडेय उपस्थित रहे.

### बीआईटी मेसरा में सम्मेलन आज से

**रांची।** बीआईटी मेसरा में अंतरराष्ट्रीय संचार और स्मार्ट उपकरण सम्मेलन का आयोजन 25-26 जुलाई को होने जा रहा है. डॉ गजेंद्रकांत मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि सम्मेलन का विषय-कनेक्टिंग इंटेलिजेंस, होगा जो स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और बुद्धिमान संचार प्रणालियों के बढ़ते अभिसरण को दर्शाता है. कार्यक्रम में दुनिया भर के शोधकर्ताओं शिक्षाविदों के आमंत्रित व्याख्यान होंगे। सत्र ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रारूपों में होंगे. सम्मेलन के सह-संयोजक डॉ संजीत कुमार और डॉ प्रियांक सक्सेना हैं.

## प्रभात शर्मा बने पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्वी क्षेत्र निदेशक

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर



टाटा स्टील के पूर्व कार्यकारी प्रभात शर्मा को पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) के पूर्वी क्षेत्र का निदेशक नियुक्त किया गया है. इस नियुक्ति की घोषणा बेंगलुरु स्थित पीआरसीआई द्वारा आधिकारिक रूप से जारी की गई अधिसूचना में की गई है. 35 वर्षों से अधिक के अनुभव वाले प्रभात शर्मा कॉर्पोरेट योजना, रणनीतिक संचार, परियोजना प्रबंधन, हितधारक प्रबंधन और जोखिम मूल्यांकन के क्षेत्र में प्रवीण हैं. उनके नेतृत्व में कई संगठनों ने प्रभावी योजना और संचार के जरिए विकास और मजबूती हासिल की है.अपने करियर में शर्मा ने संगठनों को उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन दिया है, जिसमें उन्होंने रणनीतियां तैयार करने के साथ ही साथ महत्वपूर्ण परियोजनाओं का प्रबंधन और विविध हितधारकों से संवाद किया है. उनकी जोखिम मूल्यांकन और निवारण की विशेषज्ञता ने सतत व्यावसायिक परिणाम सुनिश्चित किए हैं. 2022 में पीआरसीआई द्वारा "चाणक्य पुरस्कार फॉर एक्सीलेंस इन स्टेकहोल्डर मैनेजमेंट" से सम्मानित प्रभात शर्मा वर्तमान में कई कंपनियों को परामर्श प्रदान कर रहे हैं. वे कॉर्पोरेट रणनीति और शासन पर नियमित कॉलम लिखते हैं. शर्मा की नियुक्ति से पीआरसीआई पूर्वी भारत में अपनी पहुंच को और मजबूत करेगा और झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आस-पास के राज्यों में सार्वजनिक संबंध, संचार और कॉर्पोरेट मामलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा.

### बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के खिलाफ एफआईआर जांच पर हाईकोर्ट की रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी संख्या 196/2025 की जांच पर फिलहाल रोक लगा दी है. यह आदेश न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने पुनित अग्रवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया. याचिकाकर्ता ने एफआईआर को चुनौती देते हुए कहा कि इसमें आपराधिक तत्व नहीं हैं, बल्कि यह एक दीवानी विवाद है, जिसे पहले ही डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल और अन्य मंचों पर खारिज किया जा चुका है. कोर्ट ने भी इस तथ्य को स्वीकारते हुए कहा कि संपत्ति की नीलामी पहले ही ट्रिब्यूनल के माध्यम से पूरी हो चुकी है और प्राथमिकी दर्ज कराना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग प्रतीत होता है.

### समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की हुई बैठक, अधिकारियों को उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

# विशेष ध्यान दें, विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई न हो

**शुभम संदेश। लातेहार**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा की गई. बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध ढंग से हो और लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उपायुक्त ने कहा कि पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई न हो. प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पंचायत सेवकों के साथ नियमित बैठक करें तथा पंचायत स्तर पर जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र निर्गमन की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाएं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आम जनता को मूलभूत प्रमाण पत्र सुलभ और समय पर मिलें, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए. बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक को प्रखंड सरयू क्षेत्र में आदिम जनजाति के छात्रों के लिए बन रहे छात्रावास के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए उसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. वहीं, अग्रणी जिला प्रबंधक और उप डाकपाल को 31 अगस्त तक स्कूली बच्चों का केवाईसी पूरा कराकर बैंक या डाकघर में खाता खोलने के निर्देश दिए गए. स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हुई प्रगति पर चर्चा करते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि पूर्व बैठक में 19 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और एक स्वास्थ्य केंद्र में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था का निर्देश दिया गया था, किंतु केचकी, बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में अब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई है. इस पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई और कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति को जल्द से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. बैठक में शिक्षा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, वन विभाग, नगर पंचायत समेत कई विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे.

## सरनाधाम में श्रद्धालुओं ने शिव को जल अर्पित किया



**महुआडांड़ (लातेहार)।** गुरुवार को मानस मणि दीप सेवा संस्थान, सरनाधाम गारू बारेसाढ़ और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर प्रखंड स्तरीय कांवड़ जलयात्रा का आयोजन किया गया. इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. श्रद्धालुओं ने कांवड़ लेकर 51 किलोमीटर की दूरी तय कर सरनाधाम स्थित शिवलिंग में जल अर्पित किया. सुबह कावड़िया लोध फॉल जलप्रपात पहुंचे, जहां उन्होंने बुढ़ा बाबा महादेव की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रों के साथ जल लिया. तत्पश्चात पूजा-अर्चना के बाद कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई. लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार महुआडांड़ एवं बारेसाढ़ थाने की पुलिस कावड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात रही. बजरंग दल के सदस्य भी पूरी तरह मुस्तैद थे. यात्रा बुढ़ा घाघ से शुरू होकर लोध, चटकपुर, पंडरीटोली, हामी, रेंगाई, केनाटोली, महुआडांड़ मुख्य बाजार, राजडंडा, बोहटा, बांसकरचा, अक्सी, चेतमा होते हुए रामसेली गांव के सरनाधाम पहुंची. इस दौरान 51 किलोमीटर का क्षेत्र ₹बोल बम₹ के जयकारों से गूंज उठा. कावड़ियों के लिए लोध, चटकपुर, हामी, रेंगाई, दुर्गा बाड़ी, महुआडांड, राजडंडा, बोहटा, बांसकरचा आदि स्थानों पर विश्राम और जल वितरण की व्यवस्था की गई थी.

## जूनियर वर्ग के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता

**मेदिनीनगर।** डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल में जूनियर वर्ग के छात्रों के लिए एक आकर्षक कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में साहित्यिक रुचि विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना था. सुबह 9 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में नन्हे-नन्हे कवियों ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया. छात्रों ने न केवल कविताएं पढ़ीं, बल्कि अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव, चेहरे के हाव-भाव और शारीरिक भाषा के माध्यम से उन्हें जीवंत भी किया. उनकी मासूमियत और आत्मविश्वास देखकर सभी शिक्षक और उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए. स्कूल की प्रभारी प्राचार्या डॉ. श्वेता कुमारी ने कहा कि स्कूल का लक्ष्य सिर्फ अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर भी ध्यान देना है. उन्होंने कहा कि कविता पाठ जैसी गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करती हैं. प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए. इस आयोजन ने बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह भर दिया.

## सांसद ने सचिव से की योजनाओं की स्वीकृति का अनुरोध

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए. सांसद ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) फेज-3 के अंतर्गत पलामू और गढ़वा जिले की चयनित सड़कों की राशि भुगतान कराने तथा फेज-4 के तहत चयनित सड़कों की स्वीकृति शीघ्र दिलाने का आग्रह किया. इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना की राशि के भुगतान और झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (आवास प्लस 2018) के तहत 2 लाख 22 हजार 69 पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने की मांग भी की. सांसद राम ने बताया कि ग्रामीण विकास सचिव ने इन सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया.

## फाइलेरिया रोकथाम पर दो दिनी प्रशिक्षण शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू सिविल सर्जन सभागार में गुरूवार को फाइलेरिया रोकथाम के लिए एमडीए/आईडीए कैंपेन का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया. इस प्रशिक्षण में सभी सीएचओ (समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी) को शामिल किया गया है, ताकि वे 10 अगस्त से प्रारंभ होने वाले 15 दिवसीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफलतापूर्वक संचालित कर सकें. माइक्रो प्लान के तहत इस अभियान में एल्बेंडाजोल और इवरमैक्टोल की खुराक दी जाएगी, जो फाइलेरिया जैसी बीमारियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों से सहयोग की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसे सही जागरूकता और समय पर दवाओं के सेवन से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है. इसलिए पूरे जिले में इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरण किया जाएगा.

### राज्यपाल रामचंद्र चंद्रवंशी विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए, कहा

# छात्रों को केवल जॉब सीकर ही नहीं, जॉब क्रिएटर भी होना चाहिए

- दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के मेहनत का परिणाम

**शुभम संदेश। विश्रामपुर (पलामू)**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज पलामू ज़िले के विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए. इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति ज़िम्मेदारी निभाने का अवसर है. राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मेहनत, समर्पण और संकल्प का परिणाम है. उन्होंने पलामू की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को याद करते हुए महान स्वतंत्रता सेनानियों नीलाम्बर-पीताम्बर को श्रद्धांजलि दी और कहा कि इस भूमि पर शिक्षा का प्रकाश फैलते देखना गर्व का विषय है.

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में शिक्षा, सशक्तिकरण और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि चंद्रवंशी के नेतृत्व में यह संस्थान क्षेत्र की जनता की शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करेगा.

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिक मूल्य, सामाजिक चेतना, सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम से युक्त व्यक्तित्व का निर्माण होना चाहिए. उन्होंने विश्वविद्यालय से अपील की कि वह अपने आसपास के गांवों को गोद लेकर शिक्षा और नवाचार के माध्यम से ग्रामीण समस्याओं का समाधान करे. राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर, अन्वेषक और समाजसेवी नागरिक बनने की दिशा में तैयार किया जाना चाहिए. उन्होंने विश्वविद्यालय से यह अपेक्षा जताई कि वह एक सशक्त शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभरकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाए. इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने ओडिशा के पूर्व राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया. उन्होंने श्री दास के सार्वजनिक जीवन में योगदान की सराहना की और विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही. समारोह के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में बने लक्ष्मी चंद्रवंशी बॉयज हॉस्टल, लक्ष्मी चंद्रवंशी गर्ल्स हॉस्टल तथा प्रशासनिक भवन का भी उद्घाटन किया. उन्होंने विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना में हो रहे विकास को सराहनीय बताया. अपने संबोधन के अंत में राज्यपाल ने कहा, मैं राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हूँ. यदि सभी शिक्षण संस्थान सहयोग करें, तो झारखंड निश्चित ही 'एजुकेशन हब' के रूप में देश में अपनी अलग पहचान बना सकता है. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

## सहायक अध्यापक 4 को करेंगे विस का घेराव

**संवाददाता । लातेहार**



राज्य सरकार के वादाखिलाफी से नाराज सूबे के लगभग 60 हजार सहायक अध्यापक आगामी चार अगस्त से चरणबद्ध आंदोलन के तहत रांची में विधानसभा घेराव करेंगे. एकीकृत संघ के लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल सिंह और महासचिव अनूप कुमार ने बताया कि सरकार बार-बार वेतनमान देने का वादा करती है, लेकिन जब भुगतान की बारी आती है तो वह चुप्पी साध लेती है. इसी के विरोध में सहायक अध्यापक आंदोलन पर उतर आए हैं. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बेलाल अहमद ने बताया कि चार अगस्त को पलामू, लातेहार, गढ़वा, हजारीबाग, पाकुड़ और रामगढ़ जिले के सहायक अध्यापक वेतनमान की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव करेंगे. अगले दिन अन्य छह जिलों के सहायक अध्यापक भी घेराव करेंगे. अगर सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती है, तो शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को सभी सहायक अध्यापक मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे. जिला अध्यक्ष कुमार ने बताया कि सभी प्रखंडों में तैयारी जोर-शोर से जारी है. आज जिले के सभी पदाधिकारी लातेहार में एकत्रित हुए और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा कर प्रदेश कार्यकारिणी को रिपोर्ट देंगे. इस बैठक में पवन कुमार यादव, गुलाम अनवर, आरती कुमारी, मुकेश राम, सत्यनारायण ठाकुर, विनोद राय, अफरोज खान, रंथु उरांव, राजेंद्र गंझू, विजय पासवान, रावत देवी और यशोदा देवी सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक मौजूद थे. अध्यक्ष ने कहा कि सहायक अध्यापकों की मांगों को लेकर उनकी लड़ाई जारी रहेगी और वे सरकार से अपने हक के लिए आवाज उठाते रहेंगे. इस आंदोलन के माध्यम से वे अपनी आर्थिक स्थिति सुधारना चाहते हैं और सरकार से शीघ्र उचित वेतनमान प्रदान करने की अपील करते हैं. इस प्रकार चार अगस्त से शुरू होने वाला यह आंदोलन राज्य के सहायक अध्यापकों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा.

## उंटारी रोड पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक

**उंटारी रोड (पलामू)।** गुरुवार को उंटारी रोड प्रखंड के बीडीओ कक्ष में प्रमुख अलका कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सह सचिव पंचायत समिति श्रवण कुमार भगत भी उपस्थित थे. इस बैठक का उद्देश्य प्रखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं उनकी प्रगति पर चर्चा करना था. बैठक में पंचायत समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने प्रखंड के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए. प्रमुख अलका कुमारी ने उपस्थित सदस्यों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और लाभार्थियों तक सहायता को सुनिश्चित करें. इसके अलावा, प्रखंड के विकास के लिए नए सुझावों पर भी चर्चा हुई ताकि सभी योजनाएं सही दिशा में प्रभावी रूप से लागू हो सकें.

### अनियमितता | बेतला के आईटीआई कॉलेज में घटिया ईंटों से हो रहा चारदीवारी का निर्माण

# घटिया गुणवत्ता, अधिकारी खामोश, संवेदक मस्त

**शुभम संदेश। बरवाडीह (लातेहार)**



बेतला पंचायत स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई कॉलेज) में चारदीवारी निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता सामने आई है. हाल ही में क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र सिंह के शिलान्यास के बाद शुरू हुए इस कार्य में संवेदक द्वारा बेहद घटिया गुणवत्ता वाली ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है. निर्माण स्थल पर रखी ईंटों की स्थिति देखकर ही स्पष्ट हो जाता है कि ये ईंटें मानक गुणवत्ता से काफी नीचे हैं, जो भविष्य में निर्माण की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े कर सकती हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही आने वाले समय में दीवार गिरने और गंभीर जान-माल की हानि का कारण बन सकती है. उन्होंने कहा कि ऐसे घटिया सामान से बने निर्माण पर भरोसा करना मुश्किल है और इससे इलाके की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है.

जब इस मामले पर निर्माण स्थल पर मौजूद निर्माण मुंशी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वर्तमान में बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में किसी भी भट्ठे से ईंटों की आपूर्ति नहीं हो पा रही है. मजबूरन इन्हीं घटिया ईंटों का उपयोग किया जा रहा है. लेकिन इस बात पर सवाल उठता है कि जब उचित सामग्री उपलब्ध नहीं थी, तो फिर भी निर्माण कार्य को आगे क्यों बढ़ाया गया? क्या संवेदक को गुणवत्ता से समझौता करने की अनुमति थी? सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी तरह से मौन साधे हुए हैं. न तो निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और न ही ईंटों की गुणवत्ता जांच के लिए कोई सख्त निर्देश दिए गए हैं. इससे यही लगता है कि संवेदक को विभागीय मिलीभगत का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वह बिना किसी डर के लापरवाह निर्माण कार्य कर रहा है.

स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं. वे दोषी संवेदक और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी गुहार लगा रहे हैं. वहीं, विधायक रामचन्द्र सिंह के नाम पर चल रही इस परियोजना में घटिया निर्माण कार्य को लेकर जनता में भारी आक्रोश है. क्षेत्रवासियों का मानना है कि इस प्रकार का निर्माण कार्य न केवल क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि विधायक की साख पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है. इस मामले की जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कदम उठाने की मांग स्थानीय समुदाय सहित तमाम जनप्रतिनिधि कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं से बचा जा सके और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके.

## सेवानिवृत प्रधान लिपिक राघव का निधन

**मेदिनीनगर।** स्थानीय सदर अस्पताल के सेवानिवृत प्रधान लिपिक राघव शुक्ला का गुरुवार को दोपहर में निधन हो गया. वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और बुखार की शिकायत के बाद उन्हें नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ. चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें घर ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली. स्व. राघव शुक्ला ने अपने सेवा काल में अनेक गरीब मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वे कई वर्षों तक रांची रिम्स में भी प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत रहे. उनका सेवा भाव और अस्पताल के प्रति समर्पण हमेशा याद किया जाएगा. राघव शुक्ला दो पुत्रों और एक पुत्री के पिता थे. उनके बड़े पुत्र अवधेश शुक्ला झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं.

## एक नजर



### पांडू में किसानों के बीच बीज वितरण कार्यक्रम हुआ

**पांडू (पलामू)।** पांडू कृषि केंद्र में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत एक बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय महिलाओं को बादाम, मड़ुआ, उरद सहित अन्य फसलों के बीज प्रदान किए गए. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख नीतू सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार, बीईओ विवेक चंद्रपाल, एटीएम यूनुस आजाद तथा कृषक मित्र प्रद्युम्न सिंह उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान बीजों का सामूहिक वितरण किया गया. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने कहा कि बिरसा फसल विस्तार योजना झारखंड सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वनवासी समुदाय के किसानों की आय में वृद्धि करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है. यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने में भी सहायक है.

### बाबाधाम के लिए कांवरियों का जोशभरा जत्था रवाना

**लातेहार।** सावन मास के पावन अवसर पर देवघर स्थित बाबाधाम में भगवान शिव को जल अर्पित करने की परंपरा का अपना विशेष महत्व है. देश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालु पैदल चलकर बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचते हैं और भगवान शिव को गंगाजल अर्पित करते हैं. इसी परंपरा के तहत लातेहार जिले से भी प्रतिदिन कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना हो रहा है. गुरुवार को भी लातेहार से एक कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए उत्साहपूर्वक प्रस्थान किया. ये कांवरी सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम तक की कठिन पैदल यात्रा करेंगे और वहां भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे. जत्थे में साकेत, सौरभ, रंजन, संदीप, मोहन, रोशन, राहुल और निहित कुमार शामिल हैं. रंजन कुमार इस यात्रा के मुख्य संयोजक हैं, जिन्होंने सभी कांवरियों को यात्रा के दौरान सावधानी बरतने और एकजुटता बनाए रखने की हिदायत दी. इस पावन यात्रा में कांवरियों का उत्साह देखते ही बन रहा था. उनके 'बोल बम' के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा. जत्था के सदस्यों ने बताया कि यह यात्रा केवल आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा का संदेश भी देती है. स्थानीय ग्रामीणों ने कांवरियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की. यह कावंर यात्रा न केवल धार्मिक भावना को प्रबल करती है, बल्कि युवाओं में एकजुटता और समर्पण की भावना को भी जगाती है, जिससे स्थानीय समाज में सकारात्मक संदेश फैलता है.

### सुनील बने राजद के अपिजामो के प्रदेश अध्यक्ष

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नए अति पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सुनील साहू के मनोनयन पर लातेहार जिले सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है. राजद में हाल ही में शामिल हुए सुनील साहू को महज कुछ दिनों में बड़ा दायित्व सौंपा गया है. झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक संजय कुमार सिंह यादव द्वारा उन्हें अति पिछड़ा जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया गया है. इस निर्णय को पार्टी के सक्षम नेतागण द्वारा एक सराहनीय कदम माना जा रहा है. इस अवसर पर लातेहार जिले के कई गणमान्य व्यक्तियों ने सुनील साहू को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. बलराम प्रसाद साहू और राजू रंजन प्रसाद समेत जनार्दन प्रसाद, शम्भु प्रसाद, गोपाल प्रसाद, कमलेश प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद, राजेश प्रसाद, रामजी साव, संजय प्रसाद, प्रकाश मोहन, अशोक प्रसाद, मोती प्रसाद, पंचम प्रसाद, प्रभात कुमार गुप्ता, शिव प्रसाद, प्रदुमन प्रसाद, संतोष प्रसाद, लवलेश प्रसाद, रौशन प्रसाद, पवन प्रसाद, गौतम कुमार, दिलीप प्रसाद, अशोक प्रसाद साहू, धीरज प्रसाद सहित अन्य लोग इस खुशी में शामिल हुए.

### राज्यपाल से डिग्री कॉलेजों को चालू करने की मांग की



**लातेहार।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे ने लातेहार जिला मुख्यालय में बने मॉडल डिग्री कॉलेज एवं मॉडल डिग्री महिला कॉलेज को शीघ्र चालू कराने की मांग राज्यपाल संतोष गंगवार से की है. उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल को एक लिखित आवेदन भी सौंपा. यह मुलाकात उस समय हुई जब राज्यपाल पलामू दौरे के दौरान लातेहार परिसदन भवन में अल्प विश्राम के लिए रुके हुए थे. दुबे ने बताया कि लातेहार में उच्च शिक्षा के लिए मॉडल डिग्री कॉलेज और महिला कॉलेज के भवन पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन अभी तक इनमें पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है. इस कारण जिले के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य जिलों या राज्यों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया कि इन कॉलेजों को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए, ताकि लातेहार के युवाओं को उनके जिले में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिल सके.

### सांप के डंसने से महिला की मौत, दूसरा गंभीर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई है. विश्रामपुर थाना क्षेत्र के वंदला गांव में बुधवार रात एक जहरीले साँप ने कृति देवी (29) को डंस लिया. कृति अकेली सो रही थी. परिजन उसे पहले विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां उसकी गंभीर स्थिति देखकर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया. एमएमसीएच में इलाज के दौरान कृति की मौत हो गई. परिजन बिना पोस्टमॉर्टम कराए शव घर ले गए. कृति की शादी चार महीने पहले सूरज रजवार से हुई थी. वहीं, नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा में विमला देवी (45) को भी साँप ने डंस लिया. प्रारंभ में परिजन झाड़-फूंक कराते रहे, लेकिन जब स्थिति बिगड़ी तो उन्हें दोपहर को एमएमसीएच में भर्ती कराया गया. स्थिति में सुधार न होने पर विमला को तुंबागाड़ा के नवजीवन अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है. प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने और सर्पदंश से बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाने की सलाह दी है.

### बेदौलिया में बच्चों ने सीखे आग से बचाव के गुर



**हुसैनाबाद (पलामू)।** बेदौलिया स्कूल में गुरुवार को अग्निशमन विभाग की ओर से एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों, रसोइयों और ग्रामीणों को आग जैसी आपदा से निपटने के लिए तैयार करना था. अग्निशमन पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने आग के प्रकार, बुझाने के उपाय और प्राथमिक सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी. सिंह ने बताया कि आग मुख्यतः चार प्रकार की होती है और प्रत्येक के लिए अलग तरीके से बुझाना जरूरी होता है. उन्होंने बालू, पानी, अग्निशमन यंत्र और सीओटू गैस जैसे माध्यमों से आग बुझाने की विधियां समझाईं. उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति को आग से बचाव की जानकारी होनी चाहिए क्योंकि आपदा कभी भी आ सकती है. प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को व्यावहारिक रूप से आग बुझाने का अभ्यास कराया गया. बच्चों ने स्वयं उपकरणों का इस्तेमाल कर यह सीखा कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से कैसे काम लिया जाए.

## ब्रीफ न्यूज

### गुमला से चोरी हुई टेंपो हरमू से बरामद

**गुमला।** शारदा मार्केट के समीप से पिछले सोमवार को चोरी गई कृष्णा गुप्ता का टेंपू बुधवार को हरमू में बरामद किया गया. गुमला थाना की पुलिस ने चोरी गई टेंपो को बरामद कर गुमला थाना ले आई है. ज्ञात हो कि टेंपो चालक उर्मी निवासी कृष्णा गुप्ता पिछले सोमवार को अपना टेंपो शारदा मार्केट के बाहर रोड किनारे खड़ा कर निजी कार्य से मेन रोड गया था. मेन रोड से लौटते तक में टेंपू गायब था. सीसीटीवी फुटेज से चोरी की पुष्टि हुई थी. गुमला थाना में लिखित शिकायत भी की गई. बुधवार की सुबह टेंपो चालक कृष्णा गुप्ता को फोन आया और चोरी गई टेंपो हरमू में होने की बात कही गई. कृष्णा ने बताया कि उसके टेंपो में उसका आधार कार्ड एवं अन्य कागजात थे.

### नौकरी के नाम पर आठ-आठ हजार रुपये की ठगी हुई

**गुमला।** पुलिस विभाग में नौकरी के लिए आठ-आठ हजार रुपये लेकर नियुक्ति पत्र देने का एक मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर बुधवार की शाम बसिया थाना के फरसामा निवासी शांति केरकेट्टा, गुमला थाना क्षेत्र के जोराग निवासी अजय लोहरा, चाहा टुकुटोली निवासी सेरोफिना बागे, इजलिना बागे, जोराग महुआ टोली निवासी विजय लोहरा, जोराग नवाटोली निवासी सुखदेव लोहरा, सोनी देवी आदि ने गुमला थाना में लिखित शिकायत की है. जिसमें कहा है कि वे लोग बेरोजगार है. जिस कारण ठग के झांसे में आ गए. अपने शिकायत में कहा है कि बिहार राज्य के मोहनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली सूर्यमंती कुमारी व अविनाश कुमार उर्फ पिंटू नामक युवक ने पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर अपने झांसा में ले लिया. दोनों ने आठ-आठ हजार रुपये लिए आए और प्रमाण पत्र देकर कहा कि इसे लेकर थाना में जाएं और नौकरी ज्वाइन करें.

### बाइक जांच अभियान: 1.11 लाख रुपया जुर्माना वसूला

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप और मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को डीएवी मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे 120 बाइक चालकों से कुल 1,11,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया. अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट का सही इस्तेमाल दुर्घटनाओं में चोट और जानमाल की हानि को काफी हद तक कम कर सकता है. इसके साथ ही मोटर वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को 2,000 रुपये और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा.

### मलार गांव हत्या कांड पिता-पुत्र जेल भेजे गए

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के मलार गांव में हुए शनिचरा लकड़ा हत्याकांड में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बुधवार को इटकी पुलिस ने हत्या के आरोपी समीर तिर्की और उसके पुत्र अनीस तिर्की को जेल भेजा. दोनों को मंगलवार को उनके गांव मलार से गिरफ्तार किया गया था. घटना सोमवार देर रात की है, जब समीर तिर्की और अनीस तिर्की ने गांव के ही युवक शनिचरा लकड़ा पर लाठी से हमला कर दिया था. गंभीर रूप से घायल शनिचरा को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मंगलवार को उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना पर मृतक के भाई सोमा लकड़ा ने इटकी थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद जेल भेज दिया.

## जिले में अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर हुई बैठक, बोले एसपी

# सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में सख्ती बरतें

**शुभम संदेश।गुमला**



गुरुवार को गुमला पुलिस केंद्र में पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरीश बीन जमां की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों की अहम बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में एसपी ने पूरे माह की आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा की और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की. बैठक की शुरुआत सड़क सुरक्षा कोषांग की रिपोर्ट से हुई, जिसमें विभिन्न दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई.

एसपी हरीश बीन जमां ने सभी थाना प्रभारी अधिकारियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में सख्ती बरतने के निर्देश दिए. उन्होंने तेज गति पर नियंत्रण, हेलमेट का अनिवार्य उपयोग और शराब पीकर ड्राइविंग (ड्रिंक एंड ड्राइव) के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज करने पर जोर दिया. साथ ही डायल 112 सेवा के महत्व को भी सभी अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट किया गया ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्परता बढ़ाई जा सके. बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध उत्खनन जैसी गंभीर समस्याओं पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए. एसपी ने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता का विश्वास पुलिस पर बना रहे. हत्या, बलात्कार, पोक्सो और अपहरण जैसे संवेदनशील मामलों में त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई. इसके अतिरिक्त, लंबित वारंटों के निष्पादन को प्राथमिकता देने और लूट, डकैती तथा एससी-एसटी संबंधित मामलों की रोकथाम पर विशेष ध्यान केंद्रित करने को कहा गया. एसपी ने पुलिस कर्मियों को आम जनता के साथ अच्छे व्यवहार और उनकी समस्याओं का समाधान करने पर भी विशेष रूप से जोर दिया. बैठक में विभिन्न शाखाओं के प्रभारी, थाना प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने इस दिशा में समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया. इस बैठक से पुलिस की सक्रियता और जिम्मेदारी के प्रति गंभीरता स्पष्ट होती है, जिससे गुमला जिले में कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा बेहतर होगी.

## उपायुक्त कंचन सिंह ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

# संबंधित विभागों को दिया कार्रवाई करने का निर्देश

**शुभम संदेश।सिमडेगा**



उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार पर साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान शहरी और सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए लगभग 20 लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त के समक्ष रखीं. उपायुक्त ने सभी फरियादियों की बातें धैर्यपूर्वक सुनीं और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए. जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, भारी बारिश से क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजे की मांग, आवास योजना का लाभ, अग्निपीड़ित दुकानदारों को नई दुकान उपलब्ध कराए जाने जैसे विभिन्न मुद्दे सामने आए. इसके अलावा जमीन के आपसी बंटवारे, पीला राशन कार्ड बनवाने, छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने, प्रज्ञा केंद्र संचालन के लिए आईडी कार्ड जारी करने आदि विषयों पर भी फरियाद की गई.

साप्ताहिक सिमडेगा बाजार में दुकान नहीं लगाने देने को लेकर कई दुकानदारों ने नगर परिषद के विरुद्ध शिकायत पत्र सौंपा. इस पर उपायुक्त कंचन सिंह ने स्पष्ट किया कि बाजार में दुकानें केवल निर्धारित एवं खाली स्थानों पर ही लगाई जाएंगी. उन्होंने कहा कि सड़क किनारे या सड़कों पर दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि इससे आवागमन बाधित होता है. उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे बाजार के बने शेड और निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें.

उपायुक्त ने नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए. जनता दरबार में उपस्थित अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, नगर परिषद प्रशासक श्री समीर बोदरा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे और समस्याओं के त्वरित निवारण को लेकर चर्चा की. इस प्रकार साप्ताहिक जनता दरबार ने आम जनता को अपने मुद्दे सामने रखने का अवसर दिया, जिससे प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके. उपायुक्त कंचन सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया और जनता के हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया.

### मालवाहक ट्रक पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल

**सिमडेगा।** जमशेदपुर से पुणे जा रही एक मालवाहक ट्रक आज सुबह सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के बीरू गुरुकुल के पास असंतुलित होकर पलट गई. ट्रक में इंजन बनाने के लिए लोहे का भारी सामान लदा हुआ था. ट्रक के अचानक पलटने से चालक मंटू सिंह ट्रक के केबिन में फंस गया. स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसे बाहर निकाला. घायल चालक मंटू सिंह को छाती में गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल चालक को सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा गया. अस्पताल में उसकी प्राथमिक चिकित्सा की जा रही है.

पुलिस ने ट्रक पलटने के कारणों की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई में जुटी है. बताया जा रहा है कि ट्रक की लोडिंग और सड़क की स्थिति भी इस दुर्घटना में भूमिका निभा सकती है. स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन मिलकर राहत कार्य में लगे हुए हैं ताकि घायल चालक को बेहतर इलाज मिल सके और आगे से इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके. पुलिस ने यात्रियों और वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी अपील की है.

## जिला परिषद के ऑनलाइन टेंडर में भेदभाव, नए संवेदकों में असंतोष

### 42 योजना का आनलाइन टेंडर निकाला गया

**शुभम संदेश।गुमला**

जिला परिषद कार्यालय गुमला से निकाली गई ऑनलाइन टेंडर में संवेदकों के साथ भेदभाव करने के मामले में नए संवेदकों में असंतोष व्याप्त है. ज्ञात हो कि श्रेणी-टू रजिस्ट्रेशन के लिए जिला परिषद गुमला से 42 योजना का आनलाइन टेंडर निकाला गया है. जिसमें अनुभव प्रमाण पत्र और टर्न ओवर मांगा गया है. सबसे बड़ी बात है कि जिला परिषद कार्यालय में नए सिरे से जुलाई 2025 में नया रजिस्ट्रेशन निर्गत हुआ है. नया रजिस्ट्रेशन के लिए संवेदकों ने एक लाख रुपये की जमानत राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया है. नया रजिस्ट्रेशन को अभी काम भी नहीं मिला है ऐसे में अनुभव प्रमाण पत्र और टर्न ओवर का आहर्ता निर्धारित करना कहां तक उचित है. अनुभव प्रमाण पत्र व टर्न ओवर का आहर्ता नए ठेकेदारों के लिए न नो मन घी होगा और न राधा नाचेगी वाली कहावत को चरितार्थ करने के बराबर होगा. असंतोष खेमे के संवेदकों ने जिला परिषद गुमला के कार्यपालक पदाधिकारी और ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव के नाम पत्र लिखा है. उनका कहना है कि यह आहर्ता पुराने संवेदक के इशारे पर अधिकारी तय किए हैं. इसका हम विरोध करते हैं.

संवेदकों ने कहा कि नए और पुराने संवेदकों की संख्या लगभग 52-55 है और योजना 42 है. योजना अधिक होने के कारण नए संवेदकों को एक अच्छा अवसर था. कहा कि रोजगार की उम्मीद से बेरोजगारी युवकों ने जमानत राशि देकर लाइसेंस लिया है उन्हें प्राथमिकता के साथ टेंडर में शामिल करना था. जिससे उसका प्रोत्साहन बढ़ता. नए संवेदकों ने उप विकास आयुक्त सह कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर जमानत राशि वापस करने की मांग की है. कुछ नए संवेदकों ने हाईकोर्ट जाने की भी चेतावनी दी है.

### सिमडेगा नगर परिषद की दुकान आवंटन लॉटरी फिर टली

**सिमडेगा।** नगर परिषद द्वारा मार्केट कॉम्प्लेक्स की दुकानों के आवंटन के लिए 24 जुलाई को प्रस्तावित लॉटरी फिर से स्थगित कर दी गई है. नगर परिषद ने एक बार फिर से लॉटरी की तिथि टालने का निर्णय लिया है, जिससे आवेदकों और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. परिषद ने बताया है कि नई तिथि जल्द घोषित कर लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी, लेकिन इसकी कोई निश्चित जानकारी अभी तक नहीं मिली है. इससे पहले भी कई बार लॉटरी की तारीख बदली जा चुकी है, जिससे आवेदनकर्ताओं में असमंजस और असंतोष की स्थिति बनी हुई है. आवेदकों का कहना है कि बार-बार तारीख टालने से उन्हें भ्रम और परेशानी हो रही है. स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से अपील की है कि वे लॉटरी की निश्चित तारीख घोषित कर प्रक्रिया को जल्द पूरा करें, ताकि वे अपनी दुकानें प्राप्त कर सकें और व्यवसाय आरंभ कर सकें. स्थानीय व्यापारी और आवेदक इस विलंब से चिंतित हैं क्योंकि दुकान न मिलने के कारण उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है.

## जमीन विवाद मामले में दो गुटों में हुई मारपीट, पहुंचे थाना



**शुभम संदेश।गुमला**

घाघरा के नेतरहाट रोड में जमीन विवाद को लेकर गुरुवार को दो गुटों में जमकर मारपीट हुई. मारपीट की घटना में कांग्रेस नेता के भाई समीर भगत पर घाघरा के ही तीजलाल उरांव ने टांगी से हमला कर दिया. जिससे वह घायल हो गया. मारपीट की घटना में तीजलाल उरांव व उसकी पत्नी जतरी देवी भी घायल है. घटना के बाद दोनों पक्ष के लोग थाना पहुंचे और थाना में लिखित आवेदन दिया है. अपने आवेदन में समीर भगत ने कहा है कि वह अपनी पत्नी गौतम धारा मिंज के साथ प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार को भी नेतरहाट रोड स्थित उत्तम स्वीट्स में चाय पीने के लिए गया था. होटल के पीछे लघुशंका कर रहा था तभी तीजपाल ने उसके ऊपर टांगी से गर्दन व सिर पर जानलेवा हमला कर दिया. हमला करने में तिजलाल उरांव,उसकी पत्नी जतरी देवी के अलावे तीन चार लोग थे जो मास्क लगाए हुए थे. बीच बचाव करने पहुंची समीर की पत्नी गौतम धारा मिंज के साथ भी मारपीट और बदसलूकी की. उसके गले से सोने का चैन छीन लिया. घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद समीर सदर अस्पताल गुमला पहुंचा जहां उसका इलाज चल रहा है. वही तीजलाल उरांव ने भी घाघरा थाना में लिखित आवेदन दिया है जिसमें कहा है कि समीर मेरे जमीन खाता संख्या 105, प्लॉट संख्या 525 व रकबा तीन डिसमिल जमीन पर ईटा बालू गिराया है. मना करने के लिए गई मेरी पत्नी जतरी देवी को पटक कर लात घूसा से मरने लगा और मेरी पत्नी के साथ बदसलूकी की. गला से सोने का चैन छीन लिया.

**छापेमारी**

## सिमडेगा पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान

# 555 केजी जावा महुआ व 3 लीटर देसी शराब नष्ट

**शुभम संदेश।सिमडेगा**



जिले में अवैध शराब के खिलाफ सिमडेगा पुलिस द्वारा 17 से 23 जुलाई तक व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया. यह अभियान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष रूप से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकना था. अभियान के दौरान टीटांगर थाना के मेरोमडेगा, जोराम कुम्हारटोली; जलडेगा थाना क्षेत्र के कोनमेरला, सरदारटोली, पियोसेकरा, भितबुना, पतिआम्बा, नायकटोली; केरसई के घाघरीडीपा, गोरारजोर, रूसू; बोलबा के खण्डानिशान; पाकरटांड़ के केशलपुर; रेंगारीह के नवाटोली, देवबहार; मुफस्सिल थाना के कुल्लूकेरा, पिथरा, कोचेडेगा, दुखनाटोली; बांसजोर के बरडेगा, कोम्बाकेरा एवं गिरदा ओपी क्षेत्र के हुरदा, कोहिपाट आदि कई इलाकों में छापेमारी की गई.

इस दौरान पुलिस ने कुल 555 किलोग्राम जावा महुआ और 3 लीटर अवैध देसी शराब जब्त कर नष्ट किया. इसके अलावा, अवैध शराब निर्माण में उपयोग की जा रही भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया, जिससे शराब उत्पादन की गतिविधि पर बड़ा प्रभाव पड़ा. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें. इस अभियान के माध्यम से पुलिस अवैध शराब को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रदेशवासियों का स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जिले में नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु जन-जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी. पुलिस ने कहा कि आम जनता की मदद से ही अवैध शराब के खिलाफ लड़ाई सफल हो सकती है. इसलिए सभी से आग्रह है कि वे इस मुहिम में आगे आएं और अवैध शराब की जानकारी देने में संकोच न करें. इस प्रकार सिमडेगा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अपने अभियान को सफल बनाते हुए जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है.

### झामुमो नेताओं ने बिजली व्यवस्था सुधार की मांग

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना एवं जिला सचिव मो. सफीक खान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें जिले की बिजली व्यवस्था सुधारने हेतु आवश्यक उपकरणों की तत्काल आपूर्ति की मांग की गई है. नेताओं ने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने, उपकरणों की कमी और नवीनीकरण कार्यों की धीमी गति के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. मांग पत्र में प्रमुख रूप से ट्रांसफार्मर में उपयोग होने वाले तेल की तुरंत आपूर्ति, नए ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था, मरम्मत के लिए आवश्यक स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता, और विद्युत नवीनीकरण कार्यों की गति बढ़ाने की मांग की गई है. साथ ही ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में एक शेड के शीघ्र निर्माण की भी आवश्यकता बताई गई है, जिससे मरम्मत कार्यों में सुविधा हो सके.

## एक नजर

### विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनी समस्याएं



**सिमडेगा/कोलेबिरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी की अध्यक्षता में एक विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. विधायक का पारंपरिक आदिवासी नृत्य से भव्य स्वागत किया गया. विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है और वे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे. जनता दरबार में खाद्यान्न वितरण में हुई गड़बड़ी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने कहा कि अब डीलरों के उठाव के समय वजन की सख्त निगरानी की जाएगी ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो. इसके अलावा, दरबार में अबुआ आवास योजना, पेंशन योजनाएं, फसल बीज वितरण, वन पट्टा, डमी चेक, फाइलेरिया किट समेत कई सरकारी योजनाओं का वितरण भी किया गया. विधायक ने पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर ही उचित कदम उठाना आवश्यक है.

### निराला अस्पताल में 27 जुलाई को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**गुमला।** जन विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में 27 जुलाई को गुमला के लोहरदगा रोड स्थित कुम्हार टोली में निराला अस्पताल परिसर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच सह मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस शिविर में चेन्नई स्थित प्रसिद्ध शंकर नेत्रालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम अपनी सेवाएं देगी. शिविर में रेटिना विशेषज्ञ डॉ. एस. कुमार तथा नेत्र सर्जन डॉ. आर. कुमार जेनेथ मरीजों की आंखों की जांच करेंगे और उन्हें उचित चिकित्सीय सलाह देंगे. मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों का चयन कर उन्हें अस्पताल में भर्ती किया जाएगा और उनका निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए निराला अस्पताल की नेत्र सर्जन डॉ. नीलू कुमारी ने बताया कि शिविर में शामिल होने वाले मोतियाबिंद के मरीजों को न सिर्फ मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा दी जाएगी, बल्कि ऑपरेशन के बाद उन्हें आवश्यक दवाएं और चश्मा भी निःशुल्क प्रदान किया जाएगा. डॉ. नीलू ने यह भी बताया कि नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक नेत्र चिकित्सा सेवा पहुंचाना है, ताकि समय पर इलाज से उनकी दृष्टि सुरक्षित रह सके. उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से शिविर में पहुंचने की अपील की है.

### कोलेबिरा डैम परिसर में नवनिर्मित शवदाहगृह का उद्घाटन



**सिमडेगा/कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के डैम परिसर में गुरुवार को नवनिर्मित शवदाहगृह का विधिवत उद्घाटन हुआ. इस शुभ अवसर पर स्थानीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शिलापट्ट का अनावरण करते हुए कहा कि यह कोलेबिरा की वर्षों पुरानी मांग थी, जो आज पूरी हो गई है. उन्होंने इसे अपने लिए एक पवित्र और आत्मिक संतोष देने वाला कार्य बताया. विधायक ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूर्णतः समर्पित हैं और जनता की सेवा ही उनका सर्वोच्च लक्ष्य है. उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की छोटी योजनाओं को अपने संसाधनों से और बड़ी परियोजनाओं को विभागीय सहयोग से पूरा किया जाएगा. इससे क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी. कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद एवं प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने बताया कि डैम क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है. शवदाहगृह के निर्माण से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सुविधा होगी. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, मुखिया अंजना लकड़ा, उप मुखिया संजीत, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. सभी ने इस महत्वपूर्ण सुविधा के निर्माण पर खुशी व्यक्त की और क्षेत्र के विकास के लिए विधायक के प्रयासों की सराहना की. यह शवदाहगृह क्षेत्रवासियों के लिए एक अत्यंत आवश्यक और उपयोगी सेवा सुविधा साबित होगी.

### बकरी बांधने का काम आता है आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन



**गुमला।** ग्रामीण क्षेत्रों की कौन कहें जब गुमला जिला मुख्यालय से सटा खोरा गांव का आंगन बाड़ी केंद्र गौशाला बन गया. आंगन बाड़ी केंद्र भवन में बच्चों की किलकारियां नहीं बल्कि गाय बैल का बाक और बकरी का मेमनाहट सुनाई पड़ रहा है. इसका कारण खोरा गांव के लिए आवंटित नया आंगन बाड़ी केंद्र को संवेदक ने आधा अधूरा बनाकर छोड़ दिया और पूरी राशि निकाल कर चलते बना. आधा अधूरा आंगन बाड़ी भवन का विभाग को हैंड ओवर भी नहीं हुआ जिस कारण केंद्र का नया भवन में बच्चे शिफ्ट नहीं हुए और आज भी खोरा का आंगनबाड़ी केंद्र सेविका के निजी घर पर संचालित हो रहा है. आंगनबाड़ी केंद्र में गांव के लोग गाय बैल व बकरी बांधने का काम करते हैं. पूर्व उप मुखिया के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य लगभग चार साल पहले शुरु हुआ था. निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ और संवेदक काम छोड़ दिया. अब नया भवन जर्जर हो गया. छत भी खराब होने लगा है. संभवतः ठेकेदार केंद्र का राशि निकाल लिया होगा लेकिन गांव के लोगों को केंद्र के नया भवन का लाभ नहीं मिला. उन्होंने विभागीय अधिकारियों से मामले की जांच करने और सरकारी राशि का बंदरबांट करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है.

### 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आए दो मजदूर

**इटकी।** प्रखंड के मोरो गांव अंतर्गत झुमरा टोली में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया. ढलाई और सेंटरिंग का कार्य कर रहे दो मजदूर अचानक ग्यारह हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आ गए, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार, झुमरा टोली निवासी चंदा उरांव के घर निर्माण कार्य चल रहा था. इस काम में हारीश खान और जब्बार अंसारी मजदूरी कर रहे थे. कार्य के दौरान हारीश गलती से घर के समीप से गुजर रहे ग्यारह हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया. उसे बचाने की कोशिश में जब्बार भी बिजली की चपेट में आ गया. हादसे के तुरंत बाद दोनों घायलों को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से गुटवा स्थित आयुष्मान मंगलम अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने हारीश की स्थिति को गंभीर बताया और उसका इलाज जारी है. वहीं जब्बार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया. गांव में घटना के बाद दहशत का माहौल है और लोग बिजली विभाग की लापरवाही पर आक्रोशित हैं.

### किताब जलाकर बन रहा मध्यान भोजन : खुली पोल

**गुमला।** भरनो प्रखंड के सुदूरवर्ती जौली गांव स्थित राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की हालत बेहद चिंताजनक है. यहां बच्चों को पढ़ाने वाली किताबों को जलाकर मध्यान भोजन तैयार किया जा रहा है. रसोईया बिरसमुनी देवी ने बताया कि गैस खत्म हो जाने के कारण लकड़ी के चूल्हे में खाना बना रही हैं, और लकड़ी सुलगाने के लिए प्रभारी शिक्षक द्वारा दिए गए किताबों का उपयोग कर रही हैं. बुधवार को रसोई में बच्चों के लिए चावल, दाल, सोयाबीन बरी और आलू की सब्जी बनाई जा रही थी, लेकिन स्कूल में कुल 45 नामांकित बच्चों में से सिर्फ 6 ही उपस्थित थे. विद्यालय में केवल पारा शिक्षक कुचडू उरांव पढ़ा रहे थे, जबकि प्रभारी एचएम राजेश खेस कार्यालय कार्य हेतु बीआरसी गए हुए थे. इस शर्मनाक स्थिति पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि मामला गंभीर है, जांच करवाई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी. यह घटना सरकारी स्कूलों में शिक्षा और व्यवस्था की बदहाल स्थिति को उजागर करती है.

